मूल्य 1 रु.

वर्ष: 10 - अंक : 23, मुंबई, गुरुवार, 19 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक


भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

# मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर

कोरोना वायरस संक्रमण के सरकारी आंकड़े...

# महज शुरूआत



## कई देशों में बढ़ सकते हैं मामले

संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत में निमोनिया के लिए जिम्मेदार नया वायरस (पैथजोन) कोरोना अब तक 150 से ज्यादा लोगों को चपेट में ले चुका है। इंडिया टुडे की डाटा टीम डीआईयू ने बाकी देशों में बीमारी के बढ़ने की रफ्तार और टेस्टिंग के बाद नए मरीजों के आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद पाया कि भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में यह बीमारी और बढ़ सकती है। सरकार ने इस बीमारी की टेस्टिंग के लिए निजी प्रयोगशालाओं को मुफ्त में जांच करने के लिए कहा है। अब 500 की जगह रोजाना 8000 लोगों की टेस्टिंग करने की तैयारी चल रही है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)




**समय के साथ कैसे बढ़ता गया कोरोना वायरस:** कोरोना जिसका वैज्ञानिक नाम कोविड-19 दिया गया है उसकी शुरूआत पिछले साल दिसंबर में चीन के वुहान शहर से हुई। कोविड-19, कोरोना वायरस परिवार का नया सदस्य है जो जानवरों से उछलकर आदमी में घुस गया। जांस हॉपकिंस यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में इस बीमारी के आंकड़े इकट्ठा कर रही है। उस आंकड़े से साफ है कि औसतन दस से पंद्रह दिन की सुस्त चाल के बाद यह बीमारी आग की तरह फैलती है। हालांकि अगर पहले से जरूरी ऐहतियाती कदम उठाए जाते हैं तो इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या बढ़ी

भारत समेत दुनिया भर में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब मुंबई में एक 68 साल की महिला में कोरोना की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि यह महिला कोरोना संक्रमित व्यक्ति की संपर्क में आ गई थी। इसके साथ ही महाराष्ट्र में कोरोना वायरस की चपेट में आने वालों की संख्या बढ़कर 43 हो गई है। अगर देश की बात करें, तो अब तक कोरोना वायरस के 154 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 3 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 लोग ठीक हो चुकी हैं।

## जर्मनी से लौटे चार कोरोना संदिग्धों को पालघर स्टेशन पर ट्रेन से उतारा

### हाथ पर मुहर लगी होने के बावजूद यात्रा कर रहे थे



संवाददाता

**मुंबई।** जर्मनी से मुंबई लौटे गुजरात के रहने वाले चार कोरोना संदिग्ध लोगों गरीब रथ पर सवार होकर सूरत जा रहे थे। चारों को पालघर रेलवे स्टेशन पर 12216 गरीब रथ ट्रेन (बांद्रा-दिल्ली ट्रेन) से उतारा गया है। फिलहाल इन सभी के हाथ में 'होम क्वारंटाइन स्टैम्प' लगाकर इन्हें निगरानी में रखा गया है। महाराष्ट्र में अब तक कोरोना के 42 मामले सामने आ चुके हैं। यह संख्या देश में सर्वाधिक है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)






## 50 उद्यमियों ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा- वायरस भेद नहीं करता, देश के प्रमुख शहरों में लॉकडाउन की जरूरत

### भारत में कोरोनावयरस दूसरे स्टेज पर

**नई दिल्ली।** कोरोनावायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए उद्योगपतियों और स्टार्ट-अप्स कंपनियों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वे वायरस से निपटने के लिए इस हफ्ते प्रमुख शहरों में लॉकडाउन करें। इस अपील में कहा गया- वायरस राष्ट्रीयता के आधार पर भेदभाव नहीं करता। शुरूआत में ही ठोस और आक्रामक कार्रवाई महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख शहरों में 20 मार्च से दो हफ्तों के लिए धारा 144 लागू कर सख्त लॉकडाउन किया जाना चाहिए।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### नया वॉचमेन निकला घर का भेदी: दो दिन में करता था घरों में चोरी

**मुंबई।** मुंबई लगभग महीने भर पहले पूर्व बैंककर्मी के घर में हुई लाखों रुपए के गहनों की चोरी की गुत्थि विलेपार्ले पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में इमारत का नवनियुक्त वॉचमेन ही घर का भेदी निकला। नौकरी पर लगने के महज दो दिन बाद उसने पूर्व बैंककर्मी के घर को उस समय निशाना बनाया था, जब घर के लोग कहीं बाहर गए थे। उक्त वह एक पेशेवर चोर है, इससे पहले इसी तरह वह 8 वारदातों को अंजाम दे चुका था।

बता दें कि विलेपार्ले-पूर्व के सुभाष रोड स्थित सत्यम को-ओपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में रहनेवाले एक सेवानिवृत बैंक मैनेजर के घर में 15 फरवरी को चोरी हुई थी। घर की कुंडी तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने आल्मारी का ताला तोड़ कर लगभग 18 लाख रुपए के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया था। डीसीपी मन्जुनाथ सिंगे व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अलका मांडवे के मार्गदर्शन तथा पीआई राजेंद्र काणे के नेतृत्व में एपीआई किशोर डोइजड की टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच में पता चला कि इमारत का वॉचमेन विकास अनिल सिंह उर्फ राजा वारदात के बाद से फरार था। सोसायटी ने महज दो दिन पहले एक सिक्युरिटी एजेन्सी के मार्फत काम पर रखा था। विलेपार्ले पुलिस विकास का सुराग ढूंढने का हर संभव प्रयास कर रही थी। इसी दौरान टीम में शामिल राजेश पडवल को राजा के यूपी के मऊ जिला स्थित अपने घर में होने की पुख्ता सूचना मिल गई। विलेपार्ले पुलिस विकास के गांव पहुंची और वहां उसे उसके साथी अंगद झिनकू कश्यप के साथ दबोच लिया। पुलिस ने विकास के घर से चोरी का पूरा माल भी बरामद कर लिया। विकास ने बताया कि वह नई जगह पर वॉचमेन की नौकरी करता था और अगले दो-चार दिनों में इमारत के बंद घरों में अपने साथी के साथ चोरी करके भाग जाता था। वह इसी तरह करीब 8 वारदातों को अंजाम दे चुका था। अब पुलिस उस सिक्युरिटी एजेन्सी की कुंडली भी खनाल रही है, जिसने विकास को नौकरी पर रखा था।

### मोबाइल पर बात की तो जान से मार डाला, पति ने हत्या कर नग्न शरीर को पेड़ पर टांगा

**मुंबई।** ४५ दिन पहले जिस बेटी को धूमधाम से शादी करके विदा किया था कल यानी सोमवार सुबह तुंगारेश्वर की झाड़ियों में पेड़ से लटकी उसकी लाश मिली। बेटी की सलामती के लिए जिस दामाद के हाथों में बेटी को सौंपा था, उसने ही उसकी हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नेपाल के रहनेवाले पुरम सहवीर साहू वसई-पूर्व के नेपाली चाल में अपने परिवार के साथ रहते हैं। साहू की बड़ी बेटी अंजू इलाके में रहनेवाले कमल थापा से प्रेम करती थी। दोनों की सलामती के लिए साहू ने ४५ दिन पहले धूमधाम से बेटी का विवाह किया था। रविवार को अंजू समाज के एक विवाह में गई हुई थी। रात घर आने पर अपने एक रिश्तेदार से व्हॉट्सऐप पर बात कर रही थी। पति कमल थापा ने उसे बात करने से मना किया लेकिन अंजू नहीं मानी और दोनों में कहासुनी हो गई। सोमवार अपराह्न १.३० बजे थापा ने अंजू का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या छुपाने के लिए थापा तुंगारेश्वर के जंगल में नग्न शरीर को पेड़ से लटका कर फरार हो गया। सोमवार की सुबह तुंगारेश्वर जानेवाले भक्तों ने पेड़ से लटका शव देखकर स्थानीय लोगों को सूचित किया। वालिव पुलिस की पूछताछ में पति थापा ने बताया कि अनजान व्यक्ति से बात करने से मना किया था। जब नहीं मानी तो गुस्से में उसकी हत्या कर दी। वालिव के पुलिस निरीक्षक विलास चौगुले ने बताया कि आरोपी पति कमल थापा को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की ४५ दिन पहले विवाह हुआ था। अंजू व्हॉट्सऐप पर किसी से बात कर रही थी जो थापा को नापसंद था। गुस्से में आकर थापा ने अंजू की हत्या कर दी।

# मुंबई में जिस कोरोना मरीज की मौत हो गई, पड़ोसियों ने भेजे थे गालियों और नफरत भरे मेसेज

**मुंबई।** सोचिए, अगर किसी को उसी की मौत का मेसेज आए तो कैसा लगता है? मुंबई के जिस कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की मौत हुई है, उनके साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। उनकी सोसायटी के लोगों ने ही अमानवीयता का व्यवहार किया। बुजुर्ग को न सिर्फ भेदभाव का सामना करना पड़ा बल्कि उन्हें गालियों से भरे मेसेज भी किए गए। बुजुर्ग की पत्नी और बेटे की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जो अभी कस्तूरबा अस्पताल में ही भर्ती हैं। इससे भी ज्यादा दुख की बात यह है कि मृतक के अंतिम संस्कार में दोनों ही नहीं जा सकेंगे।

अंग्रेजी डेली अखबार इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, मृतक और उनका परिवार सेंट्रल मुंबई हाउसिंग सोसायटी में रहते थे। इस सोसायटी के लोगों ने बताया कि बुजुर्ग के कोरोना पॉजिटिव निकलने के बाद जो लोग उन्हें पहचानते थे उन्होंने बुजुर्ग को फोन और सोशल मीडिया पर नफरत भरे मेसेज भेजे और उनके परिवार के साथ भेदभाव किया।

सोसायटी में रहने वाले लोगों के मुताबिक, 'जिस दिन से उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई, उन्हें उनके



करीबियों, सोसायटी के कुछ लोगों और यहां तक कि कई सालों से जो लोग उन्हें जानते थे अचानक से उनका रवैया बदल गया। उन्हें ऐसे कई मेसेज आए जिसमें उनके खिलाफ वायरस फैलाने के आरोप लगे।'

लोगों ने आगे बताया, 'अगले दिन किसी ने उन्हें मेसेज किया कि जिसमें लिखा था कि जो शख्स पॉजिटिव आया है, उसकी मौत हो गई। इस तरह के मेसेज से उनका परिवार टूट गया। सोचिए अपनी ही मौत का मेसेज मिलने पर कैसा लगता है?'

सोसायटी के लोगों का कहना है कि शख्स की बेटी और उनकी पोती को भी सोसायटी और स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ा। मृतक और उनका परिवार पिछले 20 साल से सोसायटी में रह रहा है। इंफेक्शन की खबर पहुंचते ही लोग अपने घरों से मेड और दूसरे कर्मचारियों की छुट्टी कर रहे हैं।

उधर अस्पताल में भर्ती मृतक की पत्नी और बेटे मौत की खबर से बुरी तरह टूट चुके हैं लेकिन प्रोटोकॉल के तहत उन्हें अस्पताल छोड़ने की इजाजत नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि दोनों की हालत स्थिर हैं। अपर नगर आयुक्त सुरेश काकनी ने बताया कि परिवार दुबई से लौटा था जहां मृतक का बिजनस था। शुक्रवार को उनकी पत्नी की रिपोर्ट पॉजिटिव निकलीं और शनिवार को उनके बेटे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

काकनी ने आगे बताया, 'यह उनके लिए बेहद भावुक पल था लेकिन हमने उन्हें सात्वंना दीं। हमने दूसरे रिश्तेदारों से भी कहा कि अंतिम संस्कार में किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है।

## 'चीन की सनक', डॉक्टर के दावे पर एमएमसी ने भेजा नोटिस



**मुंबई।** कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए इस बाबत दावा करने को लेकर महाराष्ट्र चिकित्सा परिषद (एमएमसी) ने मुंबई के एक डॉक्टर को नोटिस जारी किया है। इस डॉक्टर ने वायरस को 'चीन की सनक' करार देते हुए दावा किया था कि यह भारत की गर्मी में नहीं टिक पाएगा।

एमएमसी ने मध्य मुंबई के दादर के डॉक्टर अनिल पाटिल से जवाब मांगा है कि क्या उनके पास अपने दावे की पुष्टि करने वाला कोई शोध है। एमएमसी के अध्यक्ष डॉक्टर शिवकुमार उत्तेकर ने मंगलवार को कहा, 'डॉक्टर अनिल पाटिल को नोटिस जारी कर पूछा गया है कि क्या वायरस को लेकर अपने दावे की पुष्टि करने वाला कोई शोध या डाटाबेस उनके पास है?' उन्होंने कहा कि पाटिल ने अपने साक्षात्कार में कई ऐसे दावे किए हैं, जो कि केंद्र सरकार की ओर से जारी परामर्श का पहली नजर में उल्लंघन करते हैं।

उत्तेकर ने कहा, 'डॉक्टर पाटिल का कोरोना वायरस के प्रकोप के बारे में केंद्र और राज्य सरकारों के परामर्श के खिलाफ बोलना अस्वीकार्य है। हमने वायरस के प्रकोप और उसकी गंभीरता को नकारने के उनके विचारों पर उनसे स्पष्टीकरण देने को कहा है।' उन्होंने कहा कि पाटिल ने कथित तौर पर दावा किया था कि कोरोना वायरस से डर अनुचित है और यह वायरस यहां गर्मी के मौसम में जीवित नहीं रह पाएगा।

## शिरसाट बने नगरसेवक

**मुंबई।** बीएमसी में बीजेपी का पक्ष मजबूती से रखने के लिए भाजपा प्रवक्ता भालचंद्र शिरसाट को पिछले दरवाजे से बीएमसी में इंट्री मिल गई है। मंगलवार को आमसभा की बैठक में शिरसाट को मनोनीत नगरसेवक घोषित किया। बता दें कि भाजपा के मनोनीत नगरसेवक गणेश खणकर ने पार्टी की रणनीति के तहत अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह शिरसाट को भाजपा ने बीएमसी में भेजा है। भाजपा ने अनुभवी भालचंद्र शिरसाट को नगरसेवक बना कर बीएमसी में भाजपा की धार तेज करने की कोशिश की है।

## ब्रांडेड पैकिंग में मिलावटी दूध : २ मिलावटखोर दबोचे गए

**मुंबई।** पुलिस एवं एफडीए की तमाम कोशिशों के बाद भी मुंबई के पश्चिमी उपनगर स्थित ओशिवरा इलाके में दूध में मिलावटखोरी थम नहीं रही है। यही वजह है कि मिलावटी दूध खासकर बच्चों एवं बीमारों के स्वास्थ्य के लिए बेहद में कई हानिकारक हो सकता है, यह जानते हुए भी कुछ लालची लोग यह अमानवीय कार्य करने से बाज नहीं आते हैं। मुंबई पुलिस क्राईम ब्रांच की यूनिट- ९ ने ओशिवरा इलाके में एकबार फिर दूध में मिलावट करनेवाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए २ लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि दूध में मिलावट करनेवाली टोली के बारे में यूनिट- ९ के पीएसआई विजयेंद्र अंबावडे को सूचना मिली थी। डीसीपी अकबर पठान एवं यूनिट- ९ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश देसाई के मार्गदर्शन तथा एपीआई सुधीर जाधव के नेतृत्व में यूनिट-९ की टीम ने जोगेश्वरी-पश्चिम स्थित नवशक्ति नगर,



आदर्श नगर, लोटस पेट्रोल पंप के पास छापेमारी की। यूनिट-९ एवं एफडीए की टीम द्वारा की गई संयुक्त छापामारी में ४१ वर्षीय श्रीनिवास मल्लेश नालमादि एवं ४२ वर्षीय जानया लिंग्या बद्दू पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दोनों आरोपी अमूल, गोकुल और मदर डेयरी जैसी ब्रांडेड कंपनियों की दूध की थैलियों में से आधा दूध निकालकर उसमें दूषित पानी भर देते थे। इसी तरह वे ब्रांडेड थैलियों में से निकाले गए दूध में पानी मिलाकर ब्रांडेड कम्पनीयों की डुप्लीकेट थैलियों में भरकर बेचते थे। इस कार्रवाई में टीम ने १२ हजार रुपए का लगभग २३३ लिटर मिलावटी दूध बरामद करके नष्ट किया। मौके से टीम को ब्रांडेड कंपनियों के दूध की डुप्लीकेट थैली, थैली को पैक करने एवं काटने के लिए इस्तेमाल की जा रही मोमबत्ती, कैंची, बर्तन व अन्य सामग्री बरामद हुई। टीम ने दोनों आरोपियों को ओशिवरा पुलिस के हवाले कर दिया।

गौरतलब हो कि यूनिट- ९ की टीम ने इससे पहले ३० अक्टूबर, २०१८ को ओशिवरा पुलिस की हद में वीरादेसाई रोड स्थित जीवन नगर इलाके में छेपमारी की थी। उस कार्रवाई में टीम ने ३२८ लिटर मिलावटी दूध बरामद किया था और नरसैया चंद्रैया थोडासु, रवि पपैया निम्मगौआती, व्यन्कैया चन्द्रैया मुकमल्ला तथा साहिल कुमार नरसैया थोडासू को गिरफ्तार किया था।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कोरोनाः सऊदी अरब से लौटे सुरेश प्रभु ने खुद को 14 दिन के आइसोलेशन में रखा

**नई दिल्ली/मुंबई।** देशभर में कोरोना के मामलों में तेजी देखी जा रही है। अब पॉजिटिव मामलों का आंकड़ा 150 के करीब पहुंच चुका है। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद सुरेश प्रभु भी अपने आवास पर आइसोलेशन में हैं। उन्होंने सतर्कता के तहत यह कदम उठाया है।

अगले 14 दिन के लिए क्वारंटाइन प्रक्रिया के तहत सुरेश प्रभु अपने आवास पर आइसोलेशन में रहेंगे। उन्होंने ऐसा कदम एहतियातन उठाया है। 10 मार्च 2020 को एक बैठक के सिलसिले में वह सऊदी अरब गए थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने कोरोना का टेस्ट कराया, जोकि नेगेटिव आया है। इसके बावजूद उन्होंने सावधानी बरती है। आइसोलेशन के तहत 14 दिन की अवधि में वह अपने घर पर ही रहेंगे और एक मेडिकल टीम उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी करेगी।



इस बीच भारत में कोरोना का संकट गहराता जा रहा है। बुधवार सुबह उसके 10 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना पॉजिटिव केसों की संख्या 148 पहुंच गई है। 148 में से 123 भारतीय और 25 विदेशी हैं। 148 में से ही 14 ठीक हो चुके हैं, 3 की मौत हो गई है। सबसे ताजा मामला महाराष्ट्र के पुणे से सामने आया है। वहां एक महिला कोविड-19 से संक्रमित पाई गई। अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही महाराष्ट्र में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 42 हुई।

पुणे में जिस महिला को संक्रमित पाया गया उसकी उम्र 28 साल है। महिला फ्रांस और नीदरलैंड की यात्रा पर गई थी। जिला कलेक्टर नवल किशोर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ह्य महिला 15 मार्च को भारत लौटी थी। उसे 17 मार्च को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दुनिया भर में फैल रहे कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर कउटफ के डीजी डॉक्टर बलराम भार्गव ने हाल ही में हुए एक सर्वे का हवाला देते हुए कहा है कि फिलहाल भारत में कोरोना वायरस कम्यूनिटी में नहीं है पर आने वाले दिनों को लेकर कयास लगाना संभव नहीं है।

# कोरोना वायरसः आईआईटी मुंबई ने 31 मार्च तक सभी गतिविधियां बंद करने की घोषणा की

**मुंबई।** आईआईटी मुंबई ने कोरोना वायरस के बढ़ते कहर के मद्देनजर परिसर में 31 मार्च तक सभी गतिविधियां बंद करने की घोषणा की है। आईआईटी-बी ने मंगलवार की रात छात्रों से कहा कि 20 मार्च शाम तक वे छात्रावासों को खाली करें दें। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई (आईआईटी-बी) के निदेशक शुभाशीष चौधरी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर परिसर में स्थिति पर चर्चा करने के लिए सभी विभागों के प्रमुख, अन्य शैक्षणिक और प्रशासनिक इकाइयों की मंगलवार को एक आपात बैठक बुलाई गई। उन्होंने कहा, वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए एमसीजीएम (नगर निगम, मुंबई महानगरपालिका) और राज्य प्रशासन द्वारा तेजी से किए जा रहे कड़े उपायों के मद्देनजर ऐसा किए जाने की बेहद आवश्यकता थी। आईआईटी-बी के एक अधिकारी ने बताया कि कुल 11,000 छात्र यहां हैं, जिनमें से अधिकतर कई कारणों से परिसर से जा चुके हैं। उन्होंने कहा, अनुसंधान सहित संस्थान की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 31 मार्च तक बंद रहेंगी। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में अभी तक कोविड-19 के 42 मामले सामने आ चुके हैं।

# मुंबई की एक टैक्सी, जिससे 5 में फैला कोरोना वायरस और एक की मौत

**मुंबई।** देश में कोरोना वायरस के अब तक 138 केस सामने आए हैं। पिछले 24 घंटों में 23 केस बढ़े हैं। वहीं देश में तीसरे कोरोना मरीज की जान भी गई है। मुंबई में दुबई से लौटे 64 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक उसी टैक्सी में बैठे थे, जिसमें सवारी करके 5 लोग संक्रमित हो चुके हैं। देश में कोरोना मरीज सबसे अधिक महाराष्ट्र में हैं। यहां कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या 42 हो गई है।

1 मार्च को पुणे निवासी पति-पत्नी और उनकी बेटी दुबई से मुंबई लौटे थे। मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट से उन्होंने पुणे के लिए टैक्सी बुक की थी। पति-पत्नी और उनकी बेटी बाद में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। बाद में उसी टैक्सी में ट्रेवल करने वाले 2 और लोग और ड्राइवर भी कोरोना पॉजिटिव निकले। इस तरह 5 लोग एक ही टैक्सी में होने की वजह से संक्रमित हो चुके थे।

मुंबई के अंधेरी वेस्ट में रहने वाले 64 साल के बुजुर्ग भी उसी टैक्सी से एयरपोर्ट से घर पहुंचे थे। कोरोना पॉजिटिव होने की वजह से उनकी हालत बिगड़ती गई। बुजुर्ग की स्थिति डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की वजह से सुधार नहीं हो




सका और आखिरकार मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग की पत्नी और बेटा भी कोरोना पॉजिटिव हैं जिनका कस्तूरबा अस्पताल में इलाज जारी है।

महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के दो और पुष्ट मामले सामने आए। इनमें एक मरीज मुंबई से है, जबकि दूसरा पिंपरी चिंचवाड से है। ये दोनों हाल में अमेरिका से लौटे थे। राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या 42 हो गई है।

# कोरोना ने बढ़ाई ऑनलाइन कमाई

**मुंबई।** कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में एहतियात के तौर पर शहर के सिनेमाघर, मॉल, स्कूल, कॉलेज आदि को भी बंद कर दिया गया है। हालांकि कोरोना के कारण बंद का असर ऑनलाइन बाजार पर भी दिख रहा है। वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स हो या फिर ऑनलाइन ई-कॉमर्स का बाजार हो। इन दिनों इनकी चांदी हो गई है। कोरोना वायरस के डर की इस घड़ी में इनका बाजार डिमांड में है।

बता दें कि कोरोना वायरस का डर हर किसी को सता रहा है और इसका असर बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। इस बीच वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के स्टॉक में उछाल देखा गया है। दरअसल कोरोना वायरस के खौफ से लोग घर से



बाहर निकलने से डर रहे हैं और भीड़-भाड़वाली जगह पर जाने से बच रहे हैं। मॉल, सिनेमा हॉल बंद होने के कारण लोग अब टाइम पास के लिए घर में ही विकल्प खोज रहे हैं। जानकारी के लिए बात दें कि कोरोना वायरस की वजह से कई कंपनियों के स्टॉक में गिरावट देखी गई है लेकिन इस बीच नेटफ्लिक्स के स्टॉक में तेजी से इजाफा हुआ है। कोरोना वायरस ने लोगों को घर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है और ऐसे में वो नेटफ्लिक्स को देखना बेहतर समझ रहे हैं। यही वजह है कि १० मार्च को नेटफ्लिक्स के स्टॉक में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखी गई है। माना जा रहा है कि अगर आनेवाले दिनों में भी कोरोना वायरस का डर लोगों को परेशान करता रहा तो इसमें और इजाफा देखने को मिलेगा।

# अदालत ने आईएसआईएस से संबंध रखने वाले आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकारी

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने कल्याण निवासी अरीब मजीद की जमानत अर्जी मंगलवार को स्वीकार कर ली जिसे 2014 में आंतकवादी संगठन में शामिल होने के लिए कथित तौर पर सीरिया की यात्रा करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उसे तत्काल रिहा नहीं किया जाएगा, योंकि न्यायाधीश आरआर भोसले ने जमानत आदेश पर 26 मार्च तक रोक लगा दी योंकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ एक अपील दायर करना चाहती है। मजीद को 2014 में सीरिया से लौटने के बाद गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। विशेष एनआईए अदालत द्वारा कई मौकों पर जमानत देने से इनकार किये जाने के बाद उसने मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय ने उसके बाद उसे निचली अदालत में एक ताजा अर्जी दायर करने के लिए कहा। मजीद ने विशेष अदालत से इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया कि वह एक विचाराधीन कैदी के तौर पर छह वर्ष से अधिक समय से जेल में है। मजीद ठाणे जिले के कल्याण का रहने वाला है, वह 28 नवम्बर 2014 को तुर्की से मुंबई वापस आया था। उसके मुंबई पहुंचने पर उसे यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की धारा 125 के तहत गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार वह और कल्याण के तीन अन्य इंजीनियरिंग छात्र 2014 में बगदाद गए थे। ये सभी इराक की यात्रा करने वाले 22 तीर्थयात्रियों में शामिल थे लेकिन वहां पहुंचने पर ये चारों आईएसआईएस में शामिल हो गए।

# शिवसेना के पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या, 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले की कोपरगांव तालुका में रविवार शाम को शिवसेना के एक पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि छह लोगों ने शिवसेना की कोपरगांव इकाई के उप जिलाध्यक्ष सुरेश गिरे पाटिल की भोजाने गांव में स्थित उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने चार राउंड गोली चलाई और उन्हें चाकू भी मारे।

अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक सागर पाटिल ने बताया कि पाटिल की हत्या के बाद सभी छह लोग फरार हो गए। उनके खिलाफ आईपीसी और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। हमने अपराध में शामिल दो लोगों की पहचान की है। उन्होंने बताया कि मृतक के खिलाफ भी



हत्या, दंगे और अन्य अपराधों के लिये मामले दर्ज थे।

### भीमा कोरेगांव हिंसा: जांच आयोग ने राकांपा प्रमुख शरद पवार को 4 अप्रैल को पेश होने को कहा...

# हिंसा को लेकर दिए गए बयान पर हो सकती है पूछताछ

## हिंसा में करोड़ों की सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ और एक व्यक्ति की मौत हुई थी

**पुणे।** 1 जनवरी 2018 को पुणे के भीमा कोरेगांव में हुई हिंसा की जांच कर रहे आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार को समन भेजा है। उन्हें चार अप्रैल को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। पवार की गवाही को लेकर आयोग के सामने अर्जी लगाई गई थी, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया था। शरद पवार की तरफ से भी अक्टूबर 2018 में हिंसा को लेकर हलफनामा दायर किया गया था। साल 2018 में सामाजिक समूह विवेक विचार मंच के सदस्य सागर शिंदे ने आयोग को एक आवेदन दिया था। इसमें 2018 में हुई जातिगत हिंसा को लेकर 18 फरवरी को दिए गए शरद पवार के बयान को आधार बनाकर उन्हें तलब करने की मांग की गई थी। आवेदन के मुताबिक, पवार ने प्रेस मीट में आरोप लगाया था कि दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं मिलिंद एकबोटे और संभाजी भिड़े ने पुणे शहर के बाहरी इलाके में स्थित



कोरेगांव-भीमा और इसके आसपास के क्षेत्र में हिंसा के लिए माहौल बनाया था। याचिका में यह भी कहा गया कि पवार ने पुणे शहर के पुलिस आयुक्त की भूमिका संदिग्ध होने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की थी। आवेदक ने कहा कि उसे विश्वास है कि पवार के पास इस घटना के बारे में अतिरिक्त जानकारी है। आवेदन में यह भी कहा गया कि पवार ने भी अपने हलफनामे में हिंसा के बारे में जानकारी दी है। भीमा-कोरेगांव में हुई हिंसा के कारणों क जांच के लिए यह आयोग बनाया गया था। इसकी अध्यक्षता बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जेएन पटेल कर रहे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव सुमित मुलिक इसके सदस्य हैं। महाराष्ट्र में भाजपा सरकार के दौरान आयोग का गठन किया गया था। शिवसेना की अगुवाई वाली वर्तमान सरकार ने इस महीने की शुरूआत में आयोग का कार्यकाल 8 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया था।

**महाराष्ट्र सरकार ने हिंसा संबंधी 348 केस वापस लिए:** महाराष्ट्र में राकांपा-शिवसेना-कांग्रेस के गठबंधन की सरकार बनने के बाद भीमा-कोरेगांव हिंसा को लेकर दर्ज हुए 649 में से 348 केस वापस ले लिए गए हैं। सरकार में शामिल राकांपा काफी समय से इसकी मांग कर रही थी।

**1 जनवरी 2018 को पुणे में हुई थी हिंसा:** 31 दिसंबर 2017 को यलगार परिषद ने सम्मेलन का आयोजन किया था। इसके अगले दिन 1 जनवरी 2018 को पुणे जिले के भीमा-कोरेगांव युद्ध स्मारक के पास हुई हिंसा में एक युवक की जान चली गई थी। इसके चलते करोड़ों की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान भी हुआ था।



## नवी मुंबई के नेरुल में डी.वाई पाटिल यूनिवर्सिटी के कैंपस में बन रही निर्माणाधीन इमारत में भीषण आग

**मुंबई।** नवी मुंबई के नेरुल में स्थित डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी के कैंपस में बन रही एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में भीषण आग लग गई है। आग के कारण कैंपस में रहने वाले छात्रों को बाहर निकाला जा रहा है। फिलहाल कोई भी जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यह इमारत गर्ल्स हॉस्टल के लिए तैयार की जा रही थी। मौके पर दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंची है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, यह लेवल 2 की आग है। दमकल के 2 दर्जन कर्मचारी मौके पर आग बुझाने पहुंचे हुए हैं। जांच में सामने आया है कि आग इमारत में लगे थर्मोकोल की वजह से बड़ी हुई है। आग के पीछे शार्टसर्किट वजह बताई जा रही है। आग बुझाने का काम जारी है। बता दें कि डीवाई पाटिल स्टेडियम, हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी का हॉस्टल सब एक ही कैंपस में है। आग की घटना के बाद वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**कोरोना वायरस संक्रमण के सरकारी...**

कोरोना वायरस ने भारत में 33 दिनों में पांच लोगों को संक्रमित किया लेकिन उसके बाद अगले 15 दिनों में 148 लोगों को चपेट में ले लिया है। ठीक इसी तरह पाकिस्तान में छह दिन में कोरोना वायरस के पांच मामले आए लेकिन अगले 11 दिनों के भीतर 236 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। अब जरा चीन के अलावा उन देशों में इस बीमारी की रफ्तार पर गौर करिए जहां इसका कहर हजारों लोगों को चपटे में ले चुका है। दक्षिण कोरिया में जहां कोरोना वायरस ने 29 दिन के भीतर सौ लोगों को संक्रमित कर दिया तो वहीं अगले महज 16 दिन में इस बीमारी ने सात हजार लोगों को चपेट में ले लिया। कुछ इसी तरह से इस बीमारी ने इटली और बाकी देशों में भी पांव पसारे हैं। लेकिन सवाल यह है कि बाकी देशों के मुकाबले भारत सहित दक्षिण एशियाई देशों में मरीजों की संख्या कम क्यों दिख रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि बीमारी की जांच किस स्तर पर हो रही है। भारत में यह माना गया कि ज्यादातर विदेश से आने वाले लोग इस बीमारी के वाहक हैं। इसलिए इस बीमारी की स्क्रीनिंग या जांच केवल उन्ही लोगों की हुई जो हाल फिलहाल में विदेश यात्रा से लौटे थे। लेकिन उस जांच के बावूजद यह बीमारी उन लोगों में भी फैल गई जो कभी विदेश नहीं गए। स्वास्थ्य अधिकारी इसे दूसरे चरण का संक्रमण मानते हैं। लेकिन अब अंदेशा है कि यह बीमारी समुदायिक स्तर पर संक्रमण यानी तीसरे चरण में प्रवेश करने वाली है। आईसीएमआर ने इस आशंका के मद्देनजर जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

**जर्मनी से लौटे चार कोरोना संदिग्धों को...**

वेस्टर्न रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया- ये चारों एक ही परिवार के सदस्य हैं। इनके हाथ में स्टैम्प देखकर एक सहयात्री ने टीटीई को इसकी जानकारी दी और बुधवार सुबह इन्हें ट्रेन से नीचे उतारा गया। पहले इन्हें पालघर के जिला हॉस्पिटल ले जाया गया, इसके बाद इन्हें मेडिकल ऑफिसर की निगरानी में दे दिया गया। इन सभी ने बोरीवली रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ी थी। डिवीजनल रेलवे मैनेजर, मुंबई डिवीजन जीवीएल सत्य कुमार ने कहा कि सूरत पहुंचने पर दोनों कोच पूरी तरह से साफ और कीटाणुरहित हो जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार ने ऐसे लोगों के हाथ में स्टैम्प लगाने का काम शुरू किया जो टेस्ट में नेगेटिव हैं लेकिन उन्हें 14 दिन तक घर से बाहर नहीं जाना है। सरकार ऐसे व्यक्तियों के बाएं हाथ पर 'मुहर' लगा रही है।

**...देश के प्रमुख शहरों में लॉकडाउन की जरूरत**

अर्बन कंपनी के को-फाउंडर अभिराज सिंह भाल ने मंगलवार शाम एक पावर पॉइंट प्रजेंटेशन ट्वीट किया। इसमें कहा गया कि जिन देशों (दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और जापान) ने कोरोनावायरस से निपटने के लिए जल्दी और दृढ़ता से काम किया, उन्होंने इस पर जल्दी काबू पा लिया। जबकि जिन्होंने (ईरान, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका) इंतजार किया, वहां इसका प्रकोप ज्यादा देखने को मिला। प्रजेंटेशन में कहा गया है कि महामारी से बचाव के लिए रोकथाम के प्रयासों को जारी रखना चाहिए। इससे 30 दिनों के बाद पांच गुना मौतों को कम किया जा सकता है। इससे करीब दस हजार लोगों की जान बच सकती है। 10-स्लाइड में बनाए गए इस प्रजेंटेशन को 50 से ज्यादा उद्यमियों ने तैयार किया है। इसमें स्नैपडील के कुणाल बहल, रेड बस के फणींद्र सामा और मैपमाइइंडिया के रोहन वेरजमा शामिल हैं। प्रजेंटेशन में यह भी कहा गया है कि भारत ने इससे निपटने के लिए अच्छी शुरूआत की है। सरकार मॉल और थिएटर जैसी सार्वजनिक जगहों को बंद कर रही है।







CMYK
दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# वैष्णो देवी यात्रा रद्द

## इस साल दो महीने में आने वाले यात्रियों की संख्या 5 साल में सबसे ज्यादा



**कोरोनावायरस** को फैलने से रोकने के लिए मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर बंद करने के बाद अब वैष्णो देवी यात्रा भी रद्द कर दी गई है। फैसला ऐसे समय आया है, जब हर साल इस सीजन में यात्रियों की संख्या बढ़ती है। पिछले कुछ दिनों में ही गर्भगृह के दर्शन के लिए रोजाना 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु कटरा बेस कैंप आए। होली के दिन ही यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 28 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। बुधवार को जिस समय यात्रा रद्द करने का फैसला लिया गया, उस समय तक 8 हजार 400 लोग यात्रा स्लिप ले चुके थे। 2 बजकर 25 मिनट पर यात्रा काउंटर क्लोज हो गए। जिन लोगों को यात्रा पर्ची दी जा चुकी थी, उन्हें यात्रा करने करने की इजाजत थी। गुरुवार से कोई श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकेगा।

## इस साल जनवरी-फरवरी में रिकॉर्ड 9.09 लाख यात्री आए

श्राइन बोर्ड के सीईओ रमेश कुमार ने बताया कि इस साल जनवरी-फरवरी में जितने यात्री यहां आए थे, उनकी संख्या पिछले 5 साल में इन्हीं दो महीनों में आए यात्रियों की संख्या से सबसे ज्यादा रही। पिछले 5 साल में जनवरी-फरवरी में आने वाले यात्रियों की संख्या 7.28 लाख से 8.88 लाख के बीच रहती थी, लेकिन इस साल 1 जनवरी से 29 फरवरी के बीच 9.09 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आए।

# लद्दाख में कोरोना वायरस का कोहराम

## निगरानी में कई गांव, मस्जिद में नमाज नहीं

**संवाददाता**

**कोरोना** वायरस के खतरे को देखते हुए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के एक पूरे क्षेत्र को ही पृथक कर दिया गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर करगिल सांकू क्षेत्र और आसपास के गांवों को अलग निगरानी में रखा जा रहा है। इस क्षेत्र में COVID-19 का एक पॉजिटिव केस सामने आने के बाद एहतियात के तौर पर ये कदम उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में COVID-19 के कई संदिग्धों की होने की आशंका को देखते हुए उनके सेम्पल टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। लद्दाख में अब तक 8 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं। करगिल के जिला अधिकारी की ओर से जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है, क्षेत्र को पृथक निगरानी में रखने का फैसला कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने, रोगियों की संख्या और मृत्यु दर कम रखने के मकसद से लिया गया। गौरतलब



है कि लद्दाख में COVID-19 पॉजिटिव केस बीते कुछ दिन में बढ़े हैं। लेह में भारतीय सेना का एक जवान भी पॉजिटिव पाया गया है। लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश सरकार के सचिव रिजगिन सैम्फेल ने बताया, सेना का एक जवान पॉजिटिव पाया गया। उसके पिता हाल में ईरान से लौटे थे और उनका सेम्पल पॉजिटिव निकला। शुक्र है कि ये जवान छुट्टी पर था और लद्दाख स्काउट्स के किसी और जवान के संपर्क में नहीं आया। प्रशासन ने संक्रमण फैलने से रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें स्कूल और अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद करना शामिल है। इस बीच धार्मिक संगठन 'अंजुमन जमीयत उलामा इसना अशरिया करगिल, लद्दाख' ने वायरस के खतरे को देखते हुए करगिल में मस्जिदों में शुक्रवार और अन्य दिनों को पढ़ी जाने वाली नमाज को भी स्थगित कर दिया है। करगिल में ऐसा पहली बार हुआ है।

# टीएमसी सांसद और एक्ट्रेस मिमी चक्रवर्ती ने लंदन से लौटने के बाद खुद को होम क्वॉरेंटाइन में रखा


## 14 दिन तक करेंगी एकांतवास

**तृणमूल** कांग्रेस के सांसद मिमी चक्रवर्ती खुद को होम क्वॉरेंटाइन में रखेंगी। मिमी चक्रवर्ती आज सुबह ही लंदन से वापस भारत लौटी हैं। सरकार ने विदेश से लौटने वाले व्यक्तियों को 14 दिन के लिए होम क्वॉरेंटाइन में रखने का नियम बनाया है। सरकार के नियमों के मुताबिक जो लोग उन देशों से आ रहे हैं जहां पर कोरोना वायरस का असर ज्यादा है उन व्यक्तियों को खुद को होम क्वॉरेंटाइन में रखना होगा। आपको बता दें पश्चिम बंगाल की अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती पश्चिम बंगाल की जादवपुर से लोकसभा सांसद हैं। वे 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा



चुनाव जीती हैं। कोरोना वायरस के खतरे के चलते देशभर के एयरपोर्ट प्रथम थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। बुधवार को लॉटरी में मी चक्रवर्ती को भी 14 दिन तक अपने घर पर ही रहने की सलाह दी गई है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि अगर वह करुणा से संक्रमित हो तो उनके संपर्क में कोई और दूसरा व्यक्ति ना आए। आपको बता दें मिमी चक्रवर्ती अकेली सांसद नहीं है जिन्होंने अपने आप को होम क्वॉरेंटीन पर रखा है। इससे पहले विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन ने खुद को अपने घर पर एकांतवास में रखा था क्योंकि जिस अस्पताल का दौरा उन्होंने किया था वहां बाद में एक डॉक्टर को रोना वायरस से संक्रमित पाया गया था। इसके अलावा जी-20 के शेरपा और सांसद सुरेश प्रभु ने भी पैलेस से लौटने के बाद अपने आपको 14 दिन की होम फॉर कोरेंटिन पर रखा है।

## यस बैंक ने कामकाज शुरू किया, सेवाएं अब ग्राहकों के लिये उपलब्ध



**यस बैंक** ने कहा कि उसका कामकाज पहले की तरह शुरू हो गया है और ग्राहकों के लिये उसकी सभी सेवाएं फिर से शुरू कर दी गयी हैं। यस बैंक ने ट्विटर पर लिखा है, हमारी बैंक सेवाएं फिर से परिचालन में आ गयी हैं। आप हमारी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। सहयोग और धैर्य के लिये धन्यवाद। ध्यान रहे कि कि रिजर्व बैंक ने पांच मार्च को बैंक पर पाबंदी लगा दी थी। इसके तहत ग्राहकों को तीन अप्रैल तक अपने खाते से 50,000 रुपये तक निकालने की छूट दी गयी थी। सरकार ने पिछले सप्ताह पुनर्गठन योजना को अधिसूचित किया। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने एसबीआई के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी प्रशांत कुमार को यस बैंक का प्रशासक नियुक्त किया था। रिजर्व बैंक द्वारा प्रस्तावित योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) यस बैंक की 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगा। यस बैंक संकट मामले में ईडी ने बैंक के संस्थापक राणा कपूर को आठ मार्च को मुंबई से गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी कपूर के खिलाफ अलग से एक मामला दर्ज कर चुकी है।

## निर्भया केसः दोषियों का नया पैंतरा, 20 मार्च को होने वाली फांसी पर रोक लगाने की मांग के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई

**निर्भया** के हत्यारों ने 20 मार्च को होने वाली फांसी से बचने के लिए दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में एक नई अर्जी लगाई है। पटियाला हाउस कोर्ट निर्भया के हत्यारों की नई अर्जी पर कल यानी 19 मार्च दोपहर 12:00 बजे सुनवाई करेगा। अर्जी में मांग की गई है कि निर्भया के हत्यारों को 20 मार्च को होने वाली फांसी पर रोक लगाई जाए। पटियाला हाउस कोर्ट में दायर अर्जी में कहा गया है की निर्भया के हत्यारे पवन, विनय और अक्षय की दूसरी दया याचिका राष्ट्रपति के पास लंबित है।

इसके साथ ही अक्षय की पत्नी ने उससे तलाक की अर्जी भी लगा रखी है बिहार की एक अदालत में जिस पर सुनवाई लंबित है। लिहाजा जब तक इन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं हो जाती तब तक फांसी की सजा नहीं होनी चाहिए। कानून के मुताबिक अगर किसी भी दोषी की कोई भी याचिका किसी भी अदालत में लंबित है और वह वैध याचिका है तो ऐसे में दोषी को तब तक फांसी के फंदे पर नहीं लगता जा सकता जब तक उस याचिका का निस्तारण ना हो जाए। इससे पहले भी निर्भया के हत्यारे इसी तरीके से कोई ना कोई याचिका लगाकर अदालत में यह दलील देते रहे हैं कि उनकी याचिका अभी लंबित है लिहाजा फांसी ना दी जाए। यह निर्भया के हत्यारों




के खिलाफ जारी किया गया चौथा डेथ वारंट है। इससे पहले भी अदालत निर्भया के दोषियों के खिलाफ 3 डेथ वारंट जारी कर चुकी थी लेकिन उन तीनों ही डेथ वारंट पर किसी न किसी वजह से रोक लग गई थी। जिसके बाद अदालत ने 5 मार्च को यह चौथा टेस्ट वारंट जारी किया है और इसके तहत निर्भया के हत्यारों को 20 मार्च सुबह 5:30 बजे होनी है फांसी।

वैसे इससे पहले निर्भया के चारों हत्यारों की दया याचिका राष्ट्रपति खारिज कर चुके हैं। ऐसे में कानून के जानकारों के मुताबिक एक दया याचिका खारिज हो जाने के बाद दूसरी दया याचिका लगाने का कोई प्रावधान तो नहीं है लेकिन निर्भया के हत्यारे हर संभव कोशिश कर रहे हैं जिससे कि उनकी फांसी टल जाए। ऐसे में देखना यह दिलचस्प होगा कि क्या दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट निर्भया के हत्यारे अक्षय की पत्नी की याचिका को लंबित मानकर 20 मार्च को होने वाली इस फांसी को टालेगी।


# कोरोना इफेक्टः बंदी के आदेश के बावजूद शाहिद कपूर ने जिस जिम में किया था वर्कआउट, बीएमसी ने उसे किया सील

**संवाददाता**

**राज्य** में कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार ने अगले आदेश तक जिम, स्विमिंग पूल और सिनेमा हॉल बंद करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद अभिनेता शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत के साथ रविवार को मुंबई के जिस एंटी ग्रेविटी क्लब के जिम में नजर आये थे, उसे बुधवार को मुंबई बीएमसी की ओर से सील कर दिया गया।

## जिम में बिताए थे दो घंटे

सीएम उद्धव ठाकरे द्वारा जिम बंद करने के आदेश में बावजूद दोनों ने वहां तकरीबन दो घंटे बिताए। शाहिद-मीरा ने जब जिम के बाहर पत्रकारों को देखा तो वह दोनों अलग-अलग गेट से बचते-बचाते वहां से निकल गए। इस पूरे मामले पर सोशल मीडिया में शाहिद-मीरा की आलोचना हुई और कहा गया कि नियमों का उल्लंघन कर जिम को कपल खोलना गलत है।



**बीएमसी ने की थी कार्रवाई की बातः** विवाद होने पर बीएमसी एच-वेस्ट वार्ड के सहायक नगर आयुक्त, विनायक विस्पुते ने कहा था, यदि व्यायामशालाएं राज्य के निर्देशों का पालन नहीं करती हैं, तो उन पर संबंधित धाराओं के तहत केस किया जाएगा और उनके लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। जिसके बाद आज यह कार्रवाई हुई है।

**जिम संचालक ने दी सफाईः** मामले को बढ़ता देखा एंटी ग्रेविटी क्लब के संचालक युधिष्ठिर जयसिंह ने अपनी सफाई पेश की थी और जिम खुलने की बात से इनकार किया था। उन्होंने कहा, शाहिद और मीरा मेरे अच्छे दोस्त हैं और वह रविवार शाम को सिर्फ मुझसे मिलने आए थे। यह मुलाकात पूरी तरह से दोस्ताना थी। शाहिद पिछले कुछ समय से चंडीगढ़ में शूटिंग कर रहे थे और उनके कुछ इक्विपमेंट्स जिम में रखे थे। वह उन्हें लेने के लिए आए थे। जिम को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आदेशानुसार पूरी तरह से बंद रखा गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# विस चुनाव में हार पर मनोज तिवारी से छिनेगा पद? नए प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष का नाम जल्द हो सकता है तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी में शीर्ष स्तर पर जल्द ही बदलाव देखने को मिल सकता है। विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद अब पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में इन दिनों कई राज्यों में बीजेपी ने नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी कड़ी में तेलंगाना, झारखंड, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के बाद अब अगला नंबर दिल्ली का लग रहा है। कहा जा रहा है कि 8-10 दिन में इस बारे में कोई फैसला लिया जा सकता है। यह भी लगभग तय है कि नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव नहीं होगा बल्कि केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा सीधी नियुक्ति ही की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली बीजेपी के तमाम प्रमुख पदाधिकारियों और नेताओं के साथ वन टु



वन मीटिंग करके प्रदेश नेतृत्व में परिवर्तन को लेकर उनका फीडबैक लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री मुरलीधर राव और महिला मोर्चे की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहटकर को विशेष रूप से इस काम का जिम्मा सौंपा गया। इन दोनों ने मंगलवार को झंडेवालान स्थित दीनदयाल शोध संस्थान में पार्टी के प्रदेश के सभी पदाधिकारियों से बातचीत की। साथ ही नेतृत्व की दावेदारी में शामिल कुछ नेताओं का इंटरव्यू भी लिया गया।

सूत्रों का कहना है कि पार्टी में लंबे समय से एक फुल टाइम अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग उठती रही है जो अपना पूरा समय संगठन के काम के लिए दे सके, ताकि दो साल बाद होने वाले एमसीडी चुनावों में पार्टी को एक बार फिर जीत मिल सके। ऐसे में हो सकता है कि किसी सिटिंग एमएलए या सांसद के बजाय पार्टी के किसी पुराने कार्यकर्ता को यह जिम्मा सौंपा जाए। युवा नेतृत्व को कमान सौंपे जाने की भी चर्चा चल रही है।

फिलहाल जिन नेताओं के नाम रेस में शामिल माने जा रहे हैं, उनमें सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, डॉ. हर्षवर्धन, प्रवेश वर्मा, गौतम गंभीर, कुलजीत चहल, आशीष सूद, पवन शर्मा, जयप्रकाश शामिल हैं। हालांकि इस फैसले में पार्टी बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों को भी पार्टी नजरअंदाज नहीं कर रही है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी को अगर हटाया गया, तो कहीं उसकी वजह से पूर्वांचली वोटरों में कोई नकारात्मक संदेश ना जाए, इसके लिए तिवारी को केंद्र की सरकार में कोई नई जिम्मेदारी सौंपने या बिहार चुनाव तक ना हटाने पर भी विचार किया जा सकता है।

# प्रेम विवाह से नाराज मायके पक्ष ने लड़की को जहर पिलाया!

**काकोरी।** काकोरी के जेहटा गांव में मंगलवार सुबह बेटी की शादी से नाराज परिजन जबरन उसे उसके घर से खींचकर पीटने लगे। पति अरुण का आरोप है कि मायके पक्ष वालों ने पत्नी को जबरन कीटनाशक दवा पिला दी। इससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। उससे पड़ोसियों की मदद से ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अरुण की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, जेहटा निवासी अरुण ने तीन साल पहले गांव की ही लक्ष्मी गौतम से प्रेम विवाह किया था। अरुण का आरोप है मंगलवार सुबह मायके पक्ष से बैजनाथ, बबलू, प्रेमकुमारी ने उसकी पत्नी लक्ष्मी को घर से जबरन खींचकर मारा-पीटा और उसे कीटनाशक दवा पिला दी। कई लोगों ने मायके पक्ष की इस हरकत का वीडियो बनाकर डायल 112 पर सूचना दे दी। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। दरअसल, लक्ष्मी को तीन साल पहले भगा ले जाने के मामले में लड़की पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर अरुण को जेल भिजवा दिया था। लेकिन लक्ष्मी के पक्ष में बयान



देने पर अरुण आठ महीने बाद जेल से रिहा कर दिया गया था। इसके बाद लक्ष्मी से अरुण ने शादी कर ली थी। इस मामले में ट्रेनी आईपीएस प्राची सिंह ने बताया पीड़िता के पति की तहरीर पर लड़की की मां प्रेम कुमारी, पिता बैजनाथ, भाई बबलू के खिलाफ मारपीट एवं जबरन घर से खींचकर कीटनाशक दवा पिलाने की रिपोर्ट दर्ज कर मां और पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि बबलू फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, हालत गंभीर

**पटना।** पटना के कृष्णा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 12 साल की किशोरी जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। जानकारी के अनुसार, मुज्जफरपुर जिले के कांति पुलिस स्टेशन इलाके में रहने वाले 15 वर्षीय नाबालिग ने मंगलवार को किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी भी नाबालिग है और वारदात के बाद से वह फरार चल रहा है।

बता दें कि घटना उस समय की है जब किशोरी अपने गांव के खेत में बकरियों को चराने गई थी। किशोरी के पड़ोस में रहने वाला नाबालिग



लड़का भी खेतों में बकरियां चराने आया था। आरोप है कि अकेले का फायदा उठाकर नाबालिक लड़के ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद किशोरी की हालत काफी गंभीर है। वहीं, आरोपी वारदात के बाद से फरार है।

किशोरी को बदहवास हालत में देखकर स्थानीय लोगों ने किशोरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां से किशोरी को कृष्णा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर कर दिया गया। डाक्टरों का कहना है कि किशोरी की हालत गंभीर है। मामले में मुज्जफरपुर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद का कहना है कि किशोरी का मेडिकल कराया गया है। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है। साथ ही आरोपी के परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ की जा रही है, जिससे आरोपी को जल्द से जल्द हिरासत में लिया जा सकें।

# डंपर के साथ भिड़ंत में कार सवार पांच लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अजमेर जिले के रूपनगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक कार और डंपर की भिड़ंत में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई।थानाधिकारी बालूराम चौधरी ने बताया कि जयपुर–नागौर मेघा हाईवे पर जुणदा गांव के पास कार–डंपर की भिड़ंत में कार में सवार सुरेन्द्र सिंह उर्फ सुरेश, मनोज कलवाणियां, संदीप पूनियां, संजय शर्मा और अमित की मौत हो गई।उन्होंने बताया कि कार में सवार पांचों व्यक्ति जयपुर से नागौर जा रहे थे।

# कोरोना: योगी सरकार का आदेश- बिना परीक्षा पास होंगे पहली से 8वीं तक के छात्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण और इसी बीच बच्चों की परीक्षाओं को देखते हुए बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों के एक से लेकर आठवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को बिना परीक्षा पास किए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

अपर मुख्य सचिव (शिक्षा) रेणुका कुमार ने बताया, 'बेसिक शिक्षा परिषद के तहत सभी स्कूलों को पहली से लेकर आठवीं क्लास तक के स्टूडेंट्स को बिना परीक्षा कराए ही पास करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। सभी स्कूल 2 अप्रैल तक बंद रहेंगे। कोरोना वायरस के संक्रमण



के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है।'

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपी बोर्ड) ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 23 मार्च से 28 मार्च के बीच होने की वाली परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं। इसके साथ ही सभी छात्र छात्राओं को बिना परीक्षा दिए ही अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाएगा। ऐसा करने से नया सत्र शुरू करने में देरी नहीं होगी। इस पत्र को सभी परिषदीय स्कूल और सभी जिलों में भेज दिया गया है।

योगी सरकार ने यूपी के सभी पर्यटक स्थल 31 मार्च तक बंद रखने का फैसला लिया है। हालांकि इस दौरान वहां साफ-सफाई होती रहेगी। इसके साथ-साथ यूपी के सभी स्कूल और कॉलेज भी 2 अप्रैल तक बंद रहेंगे। प्रदेश में प्रतियोगी और उच्च माध्यमिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

तहसील दिवस और जनता दर्शन का कार्यक्रम भी 2 अप्रैल तक बंद रहेगा।

# मेरठः काजी की दलील, मस्जिदें बंद कराने से आया चीन में कोरोना वायरस

**मेरठ।** जमीयत उलेमा हिंद मेरठ शाखा के अध्यक्ष और नायब शहर काजी की मानें तो चीन में मस्जिद बंद करने से कोरोना वायरस आया है। उनकी तरफ से ताकीद की गई है कि पांचों वक्त नमाज और कुरान पढ़ें। नमाज में अल्लाह से रो-रोकर दुआएं और अपने गुनाहों की माफी मांगें। गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करें।


काजी जैनुर राशिदीन की तरफ से मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। राशिदीन मेरठ के नायब शहरकाजी भी हैं। जिसमें उन्होंने कहा है कि कोरोना वायरस अल्लाह का अजाब है। ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। बयान में उन्होंने आगे कहा, 'जब-जब दुनिया में लोग अल्लाह की नाफरमानी करते हैं, अल्लाह के बताए रास्ते पर नहीं चलते, नमाज, रोजा, कुरान से दूर जाते हैं, जुल्म-ज्यादती ज्यादा होती है, लोगों को सताया जाता है, छोटे-बड़ों का आदर खत्म हो जाता है और बेशर्मी बढ़ जाती है तो अल्लाह अपना असर दिखाते हैं। जैसे सूरज ग्रहण, चांद ग्रहण, आंधी-तूफान, जलजले (भूकंप) और ऐसी बीमारियां फैलाता है जो लाइलाज हों। कोरोना वायरस भी इसी तरह के अजाबों में से एक है।'

# कोरोना के कारण ताजमहल हुआ बंद, शाहजहां का वार्षिक उर्स भी नहीं होगा



भारत से सबसे फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन ताजमहल का निर्माण कराने वाले मुगल बादशाह शाहजहां का 21 मार्च से आयोजित होने वाला वार्षिक उर्स इस साल नहीं होगा। शहर में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए ताजमहल सहित ऐतिहासिक स्मारकों को 31 मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया है। इतिहास में यह पहला मौका है, जब सालाना उर्स नहीं आयोजित होगा। इससे पहले ताजमहल को 1971 में पाकिस्तान युद्ध के समय और 1978 में बाढ़ के कारण बंद किया गया था।

इस तीन दिवसीय उर्स में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। चढ़ाई जाने वाली 365 मीटर लंबी चादर पर काम शुरू हो गया था। आयोजन समिति के एक सदस्य ने कहा, आयोजन वास्तव में बाधित होगा, लेकिन देश की सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण है। ताजमहल के आसपास का पूरा इलाका सुनसान दिखाई दे रहा है। रोजाना लगभग 30,000 लोग ताजमहल घूमने आते रहे हैं। लेकिन कोरोना वायरस के चलते पिछले एक महीने से इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है।





आगरा के महापौर नवीन जैन ने दो सप्ताह पहले केंद्रीय पर्यटन मंत्री को लिखे पत्र में स्मारकों को बंद करने के लिए कहा था। आगरा विकास प्राधिकरण टिकट की बिक्री से प्रतिदिन लगभग 14 करोड़ रुपये कमाता था। मंगलवार को पर्यटन के क्षेत्र में खासा निराशा देखने को मिली है, क्योंकि गाइड, फोटोग्राफर, टैक्सी ड्राइवर, होटल व्यवसायी सबका काम ठप पड़ गया है। ताजमहल सिर्फ 1971 पाकिस्तान युद्ध के समय दो सप्ताह के लिए बंद किया गया था और 1978 में बाढ़ के कारण दो दिन के लिए बंद किया गया था।

## गर्मियों की छुट्टियों पर भी कोरोना वायरस का कहर



कोरोना वायरस की वजह से इस साल गर्मियों की छुट्टियों में लोग घूमने के प्लान को कैंसल कर रहे हैं। पिछले 30 दिनों के अंदर 30 पर्सेंट भारतीयों ने अपने ट्रैवल प्लान कैंसल किए हैं। लोकल सर्किल की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार 54 पर्सेंट भारतीय या तो अपने घूमने का प्लान को कैंसल कर रहे हैं या एडवांस बुकिंग नहीं कर रहे हैं। 48 पर्सेंट भारतीयों ने अगले 4 महीनों के लिए अपने इंटरनैशनल बिजनेस ट्रैवल को रद्द कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर नागरिक कैंसलेशन चार्ज के भुगतान को लेकर भी परेशान हैं, जो एयरलाइन्स और एजेंट द्वारा किए गए। रिपोर्ट के अनुसार इसमें सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों को हो रही हैं, जिन्होंने गर्मियों (मार्च-जून) के लिए पहले से बुकिंग करवा ली थी। अब कैंसलेशन चार्ज का भुगतान एयरलाइन्स, रेलवे, ट्रैवल एजेंट और वेबसाइट नहीं कर रही हैं। 38 पर्सेंट लोगों कहना है कि कैंसलेशन चार्ज एयरलाइन्स, रेलवे, वेबसाइट और ट्रैवल एजेंट को देना चाहिए। वहीं 9 पर्सेंट का कहना रेलवे और एयरलाइन्स को ही कैंसलेशन चार्ज का भुगतान करना चाहिए। लोकल सर्कल के जनरल मैनेजर अक्षय गुप्ता ने बताया कि कैंसलेशन का असर सबसे ज्यादा असर ग्राहकों को हो रहा है, क्योंकि एयरलाइन्स, रेलवे, ट्रैवल एजेंट और वेबसाइट कैंसलेशन चार्ज का आधा भुगतान भी नहीं कर रही हैं। 15 हजार रुपये के एयर टिकट को कैंसल करने पर ग्राहकों को 500-700 रुपये ही मिल रहे हैं। एयरलाइन्स और ट्रैवल एजेंट-वेबसाइट्स कैंसलेशन चार्ज का आधा भुगतान भी नहीं कर रही हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
नए अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**सिंह**
पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**धनु**
मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। छोटी-छोटी बातों में उत्तेजित होंगे। वाणी पर संयम रखें। संतान का सहयोग रहेगा।

**वृष**
आर्थिक योजना सार्थक होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या बहन के कारण तनाव मिल सकता है। जबकि उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाही खर्च से बचना चाहिए। धन हानि की आशंका है। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा में जोखिम न उठाएं।

**मकर**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक योजना सार्थक होगी। मैत्री संबंध मधुर होंगे। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुला**
किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी लेकिन शिक्षा या संतान तनाव का कारण रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक**
उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। शाही खर्च से बचें। कोई ऐसी बात हो सकती है जो आपके हित में न हो। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**मीन**
शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

## वर्क फ्रॉम होम का शानदार उदाहरण है यह, सोशल मीडिया पर खूब शेयर कर रहे लोग

एक तरफ जहां कोरोना का कहर बदस्तूर जारी है। वहीं, दूसरी तरफ लोग इससे बचने के तरीके ढूंढ रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, मॉल और जिम सहित सभी सार्वजनिक जगहों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। ऐसे में लोग घर में रहने को मजबूर हो गए हैं और घर पर ही वर्क आउट और काम कर रहे हैं, जिसका वीडियो लोग सोशल मीडिया पर शेयर भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आप हैरान हो जाएंगे। इस वीडियो में वर्क आउट का ऐसा शानदार उदाहरण देखा जा रहा है, जिससे लोग काफी इन्स्पायर भी हो रहे हैं और गुस्सा भी कर रहे हैं।



इस वीडियो को सोशल मीडिया ट्विटर पर अक्की ने शेयर किया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि एक शख्स अपने किचन में आता है और बर्तन धोने वाले लिक्विड की दो-चार बूंद फर्श पर गिराता है और फिर उस पर पानी की कुछ बूंदे गिराता है, ताकि लिक्विड स्लीपी हो जाए। इसके बाद वह शख्स किचन के फर्श स्लैब की मदद से उस पर रनिंग करने लगता है।

28 सेकेंड के इस वीडियो को अब तक 4 लाख अधिक लोग देख चुके हैं और 2 हजार से अधिक लोगों ने लाइक किया है। वहीं, तकरीबन 700 लोगों ने इसे रिट्वीट किया है, जबकि 62 लोगों ने अब तक कमेंट किए हैं, जिसमें उन्होंने रनिंग वर्क आउट के तरीके की तारीफ की है। हालांकि, अक्की ने वीडियो के कैप्शन में लिखा है - यह क्वारेंटाइन का छठा दिन है, जहां आप घर से बाहर जिम भी नहीं जा सकते।

हालांकि, लोग इसे कोरोना से जोड़कर देख रहे हैं और कह रहे हैं कि घर से काम के लिए यह एक बेहतर विकल्प है। वहीं, कुछ लोगों ने इस वर्क आउट को खतरनाक बताया है।

# महिला बेस्ट फ्रैंड होने के फायदे

अक्सर यह कह दिया जाता है कि नारी की दुश्मननारी ही होती है, परंतु यदि आप सोचें तो एक नारी को अपने दिल की बात दूसरी नारी को बता कर ही सुकून मिलता है, कभी मां के आंचल की छांव में आकर वो दिल का बोझ हल्का करती है, तो कभी बहन का प्यार उसके दिल पर मलहम लगाता है, कभी सहेलियों की चुहलबाजी में वह दिल के राज ब्यां करती है, तो कभी ननद की शरारतों संग कॉलेज की बातें सांझा करती है और कभी अपनी बेटी के साथ बैठ कर छोटी-छोटी बातों की माला गूंधती है अर्थात एक नारी अपने खुशी और गम केवल दूसरी नारी से ही बांट सकती है। कोई रैसिपी पूछनी हो, शॉपिंग पर जाना हो, मूवी देखनी हो या फिर गॉसिप का पिटारा खोलना हो, ऐसे बहुत से कारण हैं जहां एक नारी को नारी की ही जरूरत महसूस होती है।



### तनाव मुक्त रहने के लिए

महिलाओं से जुड़ी ऐसी कई बातें होती हैं, जिसे वे चाह कर भी पुरुषों से शेयर नहीं कर पातीं, ऐसे नाजुक समय में उन्हें किसी नारी के साथ की ही बहुत जरूरत होती है, फिर चाहे वह पति-पत्नी के रिश्ते से जुड़ी कोई समस्या या संवेदनशील मुद्दा हो, हैल्थ संबंधी समस्या हो या फिर आपसी अहम् की बात हो, पति-पत्नी की आपसी कहा-सुनी हो, पारिवारिक सास-बहू, ननद-जेठानी से जुड़े वाद-विवाद हों या अविवाहित बेटी से तनाव हो, इन तमाम विषयों पर अपनी नजदीकी नारी से बात कर के ही एक नारी खुद को काफी हल्का महसूस करती है। अपने मन की बात दूसरी नारी से सांझी करने के बाद ही स्वयं को हल्का महसूस करती है तथा तनाव मुक्त हो जाती है।

### जिम्मेदारियां निभाने के लिए

तीज-त्योहार हो या शादी-ब्याह का माहौल हो, उस समय इतने काम निकल आते हैं कि तब एक महिला को दूसरी महिलाओं की जरूरत महसूस होती है, कितनी ही रस्में हैं, जिन्हें केवल महिलाएं ही निभाती हैं और ऐसे मौकों पर कितने ही काम हैं, जिन्हें वे पूरी जिम्मेदारी से करती हैं।

आज एक परिवार होने के कारण घर पर अधिकांशतः एक ही महिला होती है और जब उसे किसी रिश्तेदार या सहेली का साथ मिल जाता है, तो उसमें एक नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। ये ऐसे मौके हैं, जहां आधुनिक होने के बावजूद भी महिलाएं एक साथ मिल कर अधिकांश कामों को सहजता से निपटा लेती हैं। अतः यह कहना गलत होगा कि केवल संगीत की महफिल ही महिलाओं के दम पर जमती है, बल्कि हर जिम्मेवारी वाला काम महिलाओं के साथ से ही संभव हो पाता है।

### प्रशंसक भी आलोचक भी

हम भले ही कितने भी अच्छे और समझदार हों, परंतु कमी तो हर किसी में रहती है और एक नारी को दूसरी नारी से बेहतर कौन समझ सकता है, तभी तो नारी को अपनी प्रशंसा और आलोचना पर तभी विश्वास होता है, जब वह दूसरी नारी के मुंह से सुनती है, क्योंकि नारी ही दूसरी नारी को बेहतर ढंग से समझ सकती है या कोई बात कह सकती है। वह उससे कड़वा सच भी बिना लाग-लपेट के कहदेती है और प्रशंसा भी सहजता से कर देती है, अतः महिलाएं ही एक दूसरे की सही मायने में प्रशंसक एवं आलोचक होती हैं।

### जब जीवन साथी से कहना संभव न हो

बहुत सी बातें हैं जो पत्नी अपने पति से नहीं कर पातीऔर बहुत सी बातों को सुनने का पति देव के पास भी वक्त नहीं होता, अपनी ही व्यस्तताओं में उलझे पति को पत्नी की बहुत सी बातें बेमानी लगती हैं और वह उन्हें या तो बेमन से सुनता है या फिर नजर अंदाज कर देता है।

ऐसे में पत्नी की कोई बेस्ट फ्रेंड या फिर कोई करीबी महिला ही उसकी सबसे बड़ी राजदार होती है, जिससे वह अपनी बातें शेयर कर सकती है या वक्त निकाल कर उसे सुन सकती है।

लंबी उम्र का राज महिलाओं की लंबी उम्र का राज भी शायद यही है कि वह अपने दिल की हर बात अपनी सहेलियों या महिला रिश्तेदारों के साथ सांझी कर लेती हैं, जिससे कि उनके जीवन में कोई टैंशन रहती ही नहीं है। यही नहीं वह अपनी सोशल लाईफ को भी बेहतरीन तरीके से जीती है। घर-गृहस्थी संभालना, सामाजिक कार्यक्रमों एवं फेस्टिवल में भाग लेना तथा सहेलियों के साथ हंसी-खुशी अपना हर बिता लेना ही उन्हें आदि हेल्दी, खुशमिजाज और खुशहाल लंबा जीवन जीने में मदद करता है।

### प्रेरणा का दूसरा नाम

कहते हैं कि हर कामयाब पुरुष के पीछे किसी महिला का सहयोग होता है, परंतु यदि महिलाओं की सफलता की बात की जाए।

एक नारी को आगे बढे और सफलता के मुकाम पर पहुंचाने वाली भी कोई दूसरी नारी ही होती है, वह भले ही उसकी मां, बहन, बेटी या फिर सहेली के रूप में ही क्यों न हो।

# सर्दियों में फायदेमंद है मूंगफली

**मूंगफली वैसे तो हर मौसम में नमकीन जैसी और भी चीजों में इस्तेमाल होती है लेकिन सर्दियों लोग इसे बहुत शौंक से खाते हैं। इसमें ओमेगा 3, प्रोटीन जैसे और भी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। आइए जाने इसे खाने के सेहत संबंधी फायदों के बारे में...**



**1. दिल के लिए**

मूंगफली कोलेस्ट्राल को कंट्रोल करने में मददगार है। इससे दिल संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है।

**2. प्रोटीन से भरपूर**

प्रोटीन बॉडी के लिए बहुत जरूरी है। इसे खाने से पुराने सेल्स की मुरम्मत होती है और नए सेल्स का निर्माण होता है जो रोगों से लड़ने के लिए बहुत जरूरी है। इसे खाने से शरीर में प्रोटीन की कमी पूरी हो जाती है।

**3. पाचन प्रक्रिया**

मूंगफली में पाया जाने वाला तेल पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके सेवन से कब्ज,गैस और एसिडिटी की समस्या से भी राहत मिलती है। इससे पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है।

**4. गर्भावस्था में जरूरी**

मूंगफली का नियमित सेवन प्रैंगनेसी के लिए भी बहुत अच्छा होता है। यह गर्भावस्था में शिशु के विकास में मदद करती है।

**5. खून की कमी**

रोजाना 50 या 100 ग्राम मूंगफली रोजाना खाने से सेहत बनती है। भोजन आसानी से पचता है और शरीर में खून की कमी नहीं होती है।

# सर्दी में बीमारियों से बचने के लिए खाएं ड्राईफ्रूट

*सर्दी का मौसम शूरू हो गया है। सर्दी का मौसम हर किसी को पसंद होता हैं। इस मौसम में गरमा-गरम पकवान खाने का अलग ही मजा है। वहीं यह मौसम अपने साथ कई बीमारियों को भी साथ लेकर आता है। अगर आप कुछ चीजों का सेवन करें तो इन बीमारियों से बच सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजें बताएंगे, जो प्रोटीन और विटामिन्स से भरपूर है। तो आइए जानें इन चीजों के बारे में...*

### अखरोट

अखरोट में पाए जाने वाले तत्व( फाइबर, विटामिन बी, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट) शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। रोजाना एक अखरोट खाने से की बीमारियां दूर होती हैं।



### बादाम

बादाम का शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बादाम में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और विटामिन्स पाए जाते हैं जो शरीर को कई रोगों से मुक्त करते हैं।

### पिस्ता

पिस्ता का सेवन करने से हार्ट अटैक और कोलेस्ट्रॉल से बचा जा सकता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को कई बीमारियों से बचाते है।

# टी20 वर्ल्ड कप तय समय पर ही होगा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने किया साफ

**मेलबर्न।** कोरोनावायरस के प्रकोप के बीच क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के प्रमुख केविन रॉबर्ट्स को उम्मीद है कि इस साल अक्टूबर और नवंबर में होने वाला टी-20 विश्व कप अपने तय कार्यक्रम पर ही होगा।

विश्व भर में कोरोना वायरस के कारण हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस महामारी के कारण दुनिया मानो थम सी गई है। कोरोना के प्रकोप के कारण कई खेल आयोजन भी रद्द किए जा रहे हैं।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने रॉबर्ट्स के हवाले से कहा, 'हमें पूरा उम्मीद है कि सभी तरह के खेल अगले कुछ सप्ताह या कुछ महीनों में दोबारा से शुरू हो सकता है।'

रॉबर्ट्स ने कहा, 'जाहिर है कि हममे से कोई भी विशेषज्ञ नहीं है, इसलिए हमें उम्मीद है कि अक्टूबर-नवंबर में हम सामान्य परिस्थितियों में लौट आएंगे जब टी-20 विश्व कप खेला जाएगा।'

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने ही महिला टी-20




विश्व कप का सफलतापूर्वक आयोजन किया था। कोरोनावायरस के कारण ऑस्ट्रेलिया में सभी तरह की क्रिकेट गतिविधियां अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# इटली के फुटबॉल क्लब जुवेंटस के दूसरे खिलाड़ी का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव



**नई दिल्ली।** इटली के फुटबॉल क्लब जुवेंटस के खिलाड़ी ब्लाइज मटुडी का कोरोन वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। ब्लाइज मटुडी उपन्यास कोरोनवायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाला दूसरा जुवेंटस खिलाड़ी बन गया है। मंगलवार को जुवेंटस क्लब ने इस खबर की पुष्टि की और कहा किब्लाइज 11 मार्च से ही पृथक हैं। जुवेंटस एफसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ब्लाइज मटुडी का टेस्ट किया गया। जिससे कोरोना वायरस- कोविड-19 का पता चला है। बुधवार, 11 मार्च से ही वो अपने घर में हैं। उनकी निगरानी जारी रहेगी और वह वो सभी बचाव के नियमों के पालन करेंगे।

# कोरना इफेक्टः नीरज चोपड़ा का ओलंपिक अभ्यास रुका, तुर्की छोड़ना पड़ा



**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के चलते भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा का अभ्यास बाधित हुआ है। टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा तुर्की में अपने अभ्यास स्थल से स्वदेश लौटेंगे। 22 साल के नीरज चोपड़ा पिछले एक महीने से तुर्की में अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने पिछले साल कोहनी की चोट से उबरने के बाद दक्षिण अफ्रीका में एक प्रतियोगिता में 87।86 मीटर भाला फेंककर टोक्यो खेलों के लिए क्वालिफाई किया था।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, ह्यतुर्की 18 मार्च को अपनी सीमाएं बंद कर रहा है और नीरज को उससे पहले वापस आना होगा। वह बुधवार को स्वदेश पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, वह (नीरज) डायमंड लीग के 17 अप्रैल को होने वाले दोहा चरण में भी हिस्सा नहीं लेंगे। डायमंड लीग के आयोजकों ने मंगलवार को घोषणा की कि डायमंड लीग की पहली तीन प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई हैं।

डायमंड लीग की पहली प्रतियोगिता दोहा में होनी थी। एक अन्य भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह भी दक्षिण अफ्रीका में अपने अभ्यास स्थल पोटचेफस्ट्रूम से वापस लौट रहे हैं। शिवपाल भी टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

# यूरो 2020 चैंपियनशिप अगले साल 2021 तक स्थगित

**लुसाने।** यूरोपीय फुटबॉल संस्था (यूएफा) ने मंगलवार को घोषणा की कि यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो) को 2021 तक स्थगित कर दिया गया है। पहले यह टूर्नामेंट इस साल जून और जुलाई में आयोजित किया जाना था। यूएफा ने कहा कि टूर्नामेंट की नई प्रस्तावित तिथियां अगले साल 11 जून से 11 जुलाई होंगी। यूरो 2020 को अब यूरो 2021 के नाम से जाना जाएगा।

यूएफा ने बयान में कहा, 'इस कदम से घरेलू प्रतियोगिताओं को पूरा किया जा सकता है, जिन्हें अभी कोविड-19 के कारण रोक दिया गया है।' यह घोषणा करने से पहले यूएफा ने अपने राष्ट्रीय संघों के अलावा क्लबों और खिलाड़ियों की संस्थाओं के साथ टेलिकॉन्फ्रेंस की।

यह कदम कोरोना वायरस महामारी के कारण विश्व भर में खेल गतिविधियां बंद होने के कारण लिया गया है। इस महामारी के कारण कई देशों में आपात स्थिति पैदा हो गई है और सीमाएं बंद कर दी गई है। यूएफा ने कहा, 'खेल में शामिल होने वालों का स्वास्थ्य प्राथमिकता है। मैचों के आयोजन में शामिल राष्ट्रीय लोक सेवाओं पर गैरजरूरी दबाव बनाने से बचने के लिये भी यह कदम उठाया गया।'

यूरोप की अधिकतर घरेलू लीग के मैच नहीं हो रहे हैं। क्लबों के बीच होने वाली यूएफा चैंपियन्स लीग और यूरोपा लीग को भी स्थगित किया जा चुका है। लेकिन यूरोपीय चैंपियनशिप के स्थगित किए जाने से इन लीग को यात्रा संबंधी पाबंदियां हटने के बाद पूरा किया जा सकता है। यूरोप कोरोना वायरस महामारी का केंद्र बना हुआ है। मंगलवार को फ्रांस ने भी इटली और स्पेन की तरह कड़े उपाय अपनाए। यूरोपीय नेता भी महाद्वीप की गैर जरूरी यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं। इटली में अब तक 2100 लोगों की मौत हो चुकी है।

यूरो 2020 का उदघाटन मैच रोम में खेला जाना था। इटली फुटबॉल महासंघ के गैब्रिले ग्रेविना पहले ही यूरो को स्थगित करने की अपील कर चुके थे। यूरो 2020 महाद्वीप के 12 शहरों एम्सटर्डम, बाकू, बिलबाओ, बुडापेस्ट, बुखारेस्ट, कोपेनहेगेन, डबलिन, ग्लास्गो, लंदन, म्यूनिख, रोम और सेंट पीटर्सबर्ग में खेला जाना था।

# सचिन तेंडुलकर ने पाक के खिलाफ आज ही खेला था आखिरी वनडे, कोहली का दिखा था 'विराट' रूप

**नई दिल्ली।** 18 मार्च का दिन भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर के करियर में बेहद अहम स्थान रखता है। दरअसल, इसी दिन 2012 में क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंडुलकर ने अपने क्रिकेट करियर करियर का आखिरी इंटरनैशनल वनडे खेला था। तेंडुलकर ने 18 मार्च 2012 के दिन ढाका में एशिया कप के अंतर्गत पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी वनडे मैच खेला था।

यह मैच भले ही सचिन के करियर का आखिरी वनडे था, लेकिन इसी दिन कोहली का विराट स्वरूप देखने को मिला था। तेंडुलकर ने इस मैच में 48 गेंदों पर 52 रन बनाए थे। हालांकि मैच के स्टार विराट कोहली रहे थे, जिन्होंने 183 रन की पारी खेली थी। यह उनके




वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। भारत ने इस मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया था।

मैच में पाकिस्तान टीम के कप्तान मिसबाह उल हक ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। ओपनर मोहम्मद हफीज और नासिर जमशेद ने शतक लगाते हुए कप्तान का फैसला सही भी साबित किया। हफीज ने 113 गेंदों में 9 चौके और 1 सिक्स की मदद से 105 रन बनाए, जबकि नासिर ने 104 गेंदों में 10 फोर और 1 सिक्स की मदद से 112 रन ठोके। यूनिस खान ने 34 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि पाकिस्तान ने 6 विकेट पर 329 रनों का स्कोर खड़ा किया था। प्रवीण कुमार और अशोक डिंडा को 2-2 विकेट मिले थे।

**यूं छाए विराट**

जवाब में भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ओपनर गौतम गंभीर बगैर खाना खोले मोहम्मद हफीज की गेंद पर छ्हह आउट हो गए। इसके बाद मास्टर ब्लास्टर सचिन ने युवा विराट कोहली के साथ मोर्चा संभाला।

सचिन 48 गेंदों में 5 फोर और 1 सिक्स की मदद से 52 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि विराट कोहली ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की धुनाई करते हुए 183 रन ठोक डाले थे। उन्होंने 148 गेदों की अपनी पारी में 22 चौके और 1 सिक्स लगाया था।

**13 गेंद शेष रहते जीता भारत**

सचिन सईद अजमल की गेंद पर आउट हुए, जबकि विराट का विकेट उमर गुल के खाते में गया था। इस मैच में रोहित ने 68, सुरेश रैना ने नाबाद 12 और धोनी ने नाबाद 4 रन बनाए थे। यह मैच भारत 13 गेंद शेष रहते 330 रन बनाते हुए 6 विकेट से जीत लिया था।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'मेरी अगली फिल्मों की स्क्रिप्ट भी बेहद विविधतापूर्ण और शानदार है'

**अभिनेत्री** भूमि पेडनेकर ने साल 2015 में अपने एक्टिंग कैरियर की शुरूआत की जिसके बाद उन्होंने शरत कटारिया, आरएस प्रसन्ना, अभिषेक चौबे और जोया अख्तर सहित कई प्रतिभाशाली निर्देशकों संग काम किया। भूमि का कहना है कि वे काफी खुशनसीब हैं कि उन्हें देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ फिल्मकारों का भरोसा मिला। भूमि ने एक बयान में कहा कि एक कलाकार के तौर पर मुझे निरंतर अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश रहती है और शुक्र है कि मैं इतनी खुशनसीब रही कि देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ फिल्मकारों का भरोसा मुझे मिला। आने वाले समय में भूमि सांड की आंख, भूत-पार्ट वन : द हॉन्टेड शिप, डॉली किटी और वो चमकते सितारे, बाला, पति पत्नी और वो और तख्त जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इन फिल्मों के बारे में भूमि का कहना है कि मेरी अगली फिल्मों की स्क्रिप्ट भी बेहद विविधतापूर्ण और शानदार है जो मुझे बहुत पसंद है। इनमें से हर एक में मैं एक भिन्न अवतार में दिखूंगी और यही वह चीज है जो सिनेमा करने के लिए मुझे उत्साहित करती है। भूमि ने यह भी कहा, मैं अपने कैरियर के एक काफी अच्छे दौर में हूं और हर वो फिल्म जिसे मैं कर रही हूं उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ काम करते रहना चाहती हूं।



# सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जाह्नवी का हॉट बैली डांस



**हॉट** अदाकारा और स्टाइल डीवा जाह्नवी कपूर एक्टिंग, डांसिंग, फैशन के अलावा जाह्नवी अपने फिटनेस क्रेज को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। जाह्नवी इन दिनों अपनी नई फिल्म कारगिल गर्ल को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह वायुसेना की अधिकारी गुंजन सक्सेना के रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने रूही अफ्जा फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस बीच सोशल मीडिया पर जाह्नवी कपूर का एक डांस वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह बेली डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर अपनी ट्रेनर नम्रता पुरोहित के साथ पॉपुलर गाने 'आंख लड़ जावे' पर बैली डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। डांस करते हुए जाह्नवी जिम आउटफिट में नजर आ रही हैं। वह प्रोफेशनल बैली डांसर की तरह अपने डांस मूव्स दिखा रही हैं। ऐसा लग रहा है कि उन्होंने इसके लिए काफी प्रैक्टिस की है। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म कारगिर गर्ल और रुही अफ्जा की शूटिंग कर रही हैं। रूही आफ्जा एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इसमें जाह्नवी के अलावा एक्टर राजकुमार राव अहम भूमिका में हैं।

# गंजे होने के अलावा, कुछ भी करने को तैयार हूं: तापसी

**अनुराग** कश्यप के डायरेक्श में बनी 'मनमर्जियां' और उनके प्रॉडक्शन में बन रही फिल्म 'सांड की आंख' में लीड रोल निभाने के बाद तापसी पन्नू उनके डायरेक्शन में बन रही एक और फिल्म में काम कर रही हैं जो एक सुपरनैचरल थ्रिलर फिल्म होगी। तापसी का कहना है कि इस फिल्म में कुछ ऐसा देखने को मिलेगा जो इंडियन सिनेमा में कभी देखा नहीं गया है। इस फिल्म में तापसी पन्नू कई अलग-अलग लुक्स में दिखेंगी, लेकिन इसके लिए वह किसी तरह के बाहरी मेकअप का इस्तेमाल नहीं करेंगी जैसा कि उन्होंने 'सांड की आंख' में प्रकाशी तोमर के किरदार के लिए किया है। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में आप मुझे आसानी से पहचान सकेंगे। लेकिन वह तापसी उससे अलग होगी जिसे आप जानते हैं।' अनुराग ने फिल्म 'मनमर्जियां' में तापसी के बाल लाल रंग से रंगवा दिए थे, तो इस बार वह क्या करने जा रहे हैं? इसके जवाब में तापसी ने कहा, 'मैंने मन बना लिया है कि अनुराग निश्चित तौर पर मुझसे कुछ अलग चाहेंगे। गंजा होने के अलावा, मैं कुछ भी करने को तैयार हूं।' बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग भारत से बाहर होगी क्योंकि इसके लिए अलग तरह के घर और माहौल की जरूरत होगी।

